## खबर संक्षेप

### विधायक ने श्रमदान कर किया नाले का ट्रेंचिंग का कार्य



**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष पहल पर प्रदेशभर में जल संवर्धन के तहत आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान शहडोल जिले में प्रभावी तरीके से संचालित किया गया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में स्थित तालाब, बावड़ी, पोखर, नदियों और अन्य जलस्त्रोतों का संरक्षण और पुनरुद्धार का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी के नेतृत्व में बुढार अंतर्गत ग्राम बैरिहा में कुकुर गोडी. नाला में ट्रेंचिंग का कार्य किया गया जिसमें लोंगो ने बढ़-चढक़र अपनी सहभागिता निभाई। जल गंगा संवर्धन अभियान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढार एम.पी.सिंह, बी.एस.पेंद्रो सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी दिवाकर सिंह, सेक्टर उपयंत्री ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव सहित काफी संख्या में लोंगो ने भी नाले के ट्रेंचिग कार्य में श्रमदान किया।

### पानी रोको पानी रोको भाई रे



**शहडोल।** जिले में कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल गंगा सवंर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल का महत्व बताने के लिए जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत चौरी में शिक्षक श्री धर्मेन्द्र पाण्डेय ने जल संवर्धन के संबंध में पानी रोको पानी रोको भाई रे के तर्ज पर जन समुदाय के सक्षम एक गीत प्रस्तुत किया और जल का महत्व बताया। जल हमारे जीवन के लिए अभिन्न और महत्वपूर्ण है। यह हमारे शरीर के ऊर्जा स्त्रोत, स्वास्थ्य और संतुलित विकास का मूल आधार है। जल के बिना हम न तो जीवित रह सकते हैं और न ही कोई जीवनरूपी रचना अस्तित्व में आ सकती है। इसके साथ ही, जल हमें स्वच्छता, संपन्नता और समृद्धि की ओर ले जाता है। यह समुद्रों, नदियों, झीलों और तालाबों के रूप में प्रकृति में विद्यमान है और हमें इसे बचाएं और संरक्षित रखने की जरूरत है। इसलिए, हमें जल के महत्व को समझना चाहिए और इसकी सुरक्षा और उपयोग को संभालने का संकल्प लेना चाहिए। जल संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है क्योंकि आजकल जल की उपलब्धता में कमी हो रही है।

### मुंहे बोले चाचा ने रिश्ते को किया शर्मसार

**उमरिया।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुंह बोले चाचा ने जंगल में ले जाकर भतीजी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म करने का वीडियो बनाकर उसे वॉयरल करने की धमकी दी गई। घटना के संबंध में बताया कि बच्ची जिला मुख्यालय पहुंची और अपनी सहेली के यहां जाकर छुप गई, लेकिन उक्त द्वारा उस लडक़ी के साथ मारपीट की गई, स्थानीय लोगों के प्रयास से उक्त लडक़ी बचाया जा सका। जिसके बाद बच्ची ने अपने माता-पिता के बारे में जानकारी दी। जानकारी लगते ही तत्काल मौके पर बच्ची के माता-पिता पहुंचे और बच्ची को उसकी सहेली के साथ थाने पहुंचकर थाना प्रभारी को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इसके बाद थाना प्रभारी ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे मामले की जांच कर रही है।

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन


**शहडोल।** बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग ऑफिसरों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि प्रदेश के नर्सिंग ऑफिसर पर हड़ताल अवधि में की गई कार्यवाही निरस्त की जाये। ज्ञापन में उल्लेख किया कि नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन के आव्हान पर लंबित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के समस्त नर्सिंग ऑफिसर ने बंद हड़ताल की गई थी।

# संयुक्त संचालक शिक्षा को दी गई शिकायत बेअसर

# घर से बंद स्कूल के नाम पर बेच रहे टीसी-मार्कशीट











### संभाग अंतर्गत उमरिया जिला मुख्यालय का मामला

उमरिया के ग्राम महरोई स्थित स्कूल ब्राइट फ्यूचर विद्यालय के नाम पर संस्थापक के द्वारा अपने घर से टीसी-मार्कशीट आदि के सौदे किये जा रहे हैं, जबकि विद्यालय की मान्यता 2017 में समाप्त होने के बाद बंद हो चुका है। शिकायत के बाद भी शिक्षा विभाग इस ओर से आंखे मूंदे बैठा है।

उमरिया/शहडोल।

संभाग में शिक्षा माफिया इन दिनों पैर पसार चुका है, शहडोल मुख्यालय में ही आधा दर्जन ऐसे संस्थान हैं, जो गारंटी के साथ आपको 10 वीं से लेकर 12 वीं और ग्रेजुएशन व अन्य विषयों डिग्रियां घर बैठे उपलब्ध करा रहे हैं, उमरिया जिला भी इससे अछूता नहीं है, इस मामले की शिकायत शहडोल के बकहो नगर परिषद में रहने वाले नसीम रजा ने 6 मई को संयुक्त संचालक शिक्षा शहडोल को की थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही या जांच जमीनी तौर पर होती नजर नहीं आ रही है, शिकायतकर्ता ने 2 पन्नो की शिकायत के साथ सूचना के अधिकार से मिले, उमरिया जिला शिक्षा अधिकारी के यहां से मिले दस्तावेजों को भी संलग्न किया है, जिससे स्पष्ट होता है कि 2017 में ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल की मान्यता खत्म होने और विद्यालय बंद होने के बाद भी उसी पते को दर्शाकर स्थानांतरण प्रमाण पत्र और अंकसूचियां बेची जा रही हैं।

### यह लिखा शिकायत में

उमरिया जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 11 में स्थित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल की मान्यता 2017 में समाप्त की गई है, बावजूद इसके संस्थापक खालिक मंसूरी, साहिन अख्तर व अन्य के द्वारा जो पूर्व में विद्यालय समिति के विभिन्न पदों पर पदस्थ थे, अपने निज निवास से वर्ष 2018, 2019, 2020, 2021 तक बिना मान्यता वाले बंद हो चुके विद्यालय की फर्जी टीसी, मार्कशीट, स्कॉलर रजिस्टर आदि बनाकर बेचे जा रहे हैं।

### सूचना के अधिकार से हुआ खुलासा

जिला शिक्षा कार्यालय उमरिया के द्वारा सूचना के अधिकार के तहत शिकायतकर्ता को जो जानकारी दी गई, उससे स्वतः स्पष्ट होता है कि उमरिया में शिक्षा माफिया किस कदर अपनी जड़े जमा चुका है, ग्राम महरोई स्थित ब्राइट फ्यूचर नामक विद्यालय के संचालक रहीश मंसूरी अपने स्कूल के दस्तावेजों को इसी नाम से पंजीकृत एक अन्य विद्यालय के दस्तावेजों को कई वर्षों तक अदला-बदली करते रहे, जिला शिक्षा कार्यालय में बैठे जिम्मेदार, इस फर्जीवाड़े का शह देते रहे, दोनों विद्यालयों की जानकारी आरटीआई से सामने आने के बाद पूरा गड़बड़झाला सामने तो आ गया, लेकिन इसके उपरांत दी गई शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

### पूरा परिवार संचालन समिति में

विद्यालय के संचालन की समिती में 11 नाम दिये गये हैं, जिसमें 08 नाम एक ही घर और परिवार के हैं, सिर्फ 03 सदस्यों को बाहर से दिखाया गया है, श्रीमती अख्तरी बेगम अध्यक्ष, रमजान अली उपाध्यक्ष, हाफिज जुबेर अहमद सचिव, नाहिद अख्तर सहसचिव, समीम अख्तर कोषाध्यक्ष और 03 सदस्य मो. खालिक, उमैर अहमद व मो. नियाज एक ही परिवार से हैं, जबकि दिलीप गुप्ता, संजय केवट व रावेन्द्र रजक भी काल्पनिक सदस्य बनें हुए हैं, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि फर्जी तरीके से केवल दस्तावेजों में छात्रों के नाम पे एस.बी.आई. उमरिया के खाता नम्बर 30382469417 जो कि समिति के सचिव के नाम पर है साहीन अख्तर, खालिक मंसूरी परिवार के सभी सदस्य पद में रहकर आर.टी.ई. के राशि का आपस में ही बंटवारा कर अपने-अपने निजी कार्यों में लेते आये है जो कि शासन 25 प्रतिशत सकूल में पढने्वाले छात्रों के नाम पे शासन निरन्तर भुगतान करते आई है ।

### धोखाधड़ी व कूटरचना की

आरोप है कि 2017 में स्कूल की मान्यता समाप्त हो जाने के उपरांत भी बिना मान्यता के बिना आवेदन किये बिना किसी नियम के सहीन अख्तर, खालिक मंसूरी व परिवार के सभी सदस्यों द्वारा सभी को धोखे में रखकर शिक्षा विभाग के चोरी-छिपे कूट रचित दस्तावेज बनाकर छात्रो को फर्जी मार्कसीट टी.सी. निरन्तर कई वर्षों से प्रदान करते आये हैं और अवैध कारोबार कर मनमानी राशि अर्जित करते आये है तथा शिक्षा विभाग एवं शासन के साथ और वहीं अनगिनत छात्रों के आने वाले भविष्य को बर्बाद करते हुये धोखाधड़ी का कार्य कई वर्षों से निरन्तर करते रहे है।

### महरोई में भी एक और ब्राइट स्कूल

स्कूल के आड़ में जिसमें इनका साथ महरोई निवासी रईस मंसूरी जिसके स्कूल का नाम ब्राइट फयूचर मिडिल स्कूल महरोई मे है उसकी भी पूरी सहभागिता रही है जिसमें ये दोनो स्कूल मिलीभगत कर दस्तावेजों की अदला-बदली करं षडयंत्रपूर्वक कूटरचित दस्तोवज तैयार कर फर्जी तरीके से छात्रों को तथा अभिभावको को प्रदान किया है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त परिवार के कुछ लोगों का आपराधिक रिकार्ड है, जिसके खिलाफ कई मामले भी विचाराधीन हैं, जिला शिक्षा कार्यालय में पदस्थ के.के.तिवारी नामक कर्मचारी से उनकी सांठ-गांठ है, जिसके द्वारा इन्हें संरक्षण दिया जाता है और विभाग की गोपनीय जानकारी सांझा की जाती रही है।

# रोजगार पाकर युवा हो रहे आत्मनिर्भर: विधायक




### रोजगार मेला का किया गया आयोजन, 281 युवाओं को मिला रोजगार

**शहडोल।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेला का शुभारंभ विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि जिले में रोजगार मेले का आयोजन करने से बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवा रोजगार पाकर आत्मनिर्भर हो रहे है। उन्होंने कहा कि जिले के ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवाओ को रोजगार उपलब्ध कराने का काम मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। रोजगार मेला के शुभारंभ अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। जिला स्तरीय रोजगार मेला में आज कुल 324 शिक्षित बेरोजगार आवेदकों द्वारा रोजगार हेतु पंजीयन कराया गया जिसमें विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 281 आवेदकों का चयन किया गया है। जिला स्तरीय रोजगार मेला में न्यू जील फैशन वियर प्राइवेट लिमिटेड धार, प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड पीथमपुर, श्री साईं बाबा सिक्योरिटी सर्विस शहडोल, एसआईएस सिक्योरिटी अनूपपुर, कृषि अभियांत्रिकी कौशल विकास केंद्र सतना, केएनआर एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन राजस्थान, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बैंगलोर, नर्मदा अंचल बायोटेक फार्मिंग ग्रुप अनूपपुर, एलएनटी कंस्ट्रक्शन कंपनी छिंदवाड़ा, वर्धमान यार्म मंडीदीप, सुख किसान बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर, श्री राम लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड शहडोल, भारतीय जीवन बीमा निगम शहडोल संस्थाएं शामिल हुई।

# ईदुज्जुहा का पर्व शान्ति एवं सौहार्दपूर्वक मनाएं: कलेक्टर

## शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न

शहडोल।



कलेक्टर तरूण भटनागर की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागर में आगामी 17 जून को ईदुज्जुहा पर्व के संबंध में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर तरूण भटनागर ने बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों से पूर्व की भांति इस वर्ष भी परम्परा कायम रखते हुए ईद-उल-अदहा (ईदुज्जुहा) का त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने का आग्रह किया। उन्होनें कहा कि प्रशासन का पूरा प्रयास रहेगा कि ईद-उल-अदहा (ईदुज्जुहा) का त्यौहार शांतीपूर्ण ढंग से मनाया जाए। कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पूर्व की भांति त्यौहारों के दौरान ईदगाह नमाज अदा किये जाने वाले स्थानों एवं शहर के मार्गो पर साफ-सफाई एवं पानी की समुचित व्यवस्था की जाय तथा सडक़ो पर घूमने वाले आवारा जानवरों को सडक़ से हटा दिया जाए। उन्होनें निर्देश दिए कि ईदगाह एवं मस्जिद में टेन्ट व पानी की व्यवस्था की जाये तथा ईद-उल-अदहा (ईदुज्जुहा) के दिन समुदाय के मुहल्लों में सुबह 5 से 7:30 बजे तक नगर पालिका द्वारा पानी की सप्लाई किया जाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि ढीली एवं लटकती हुई बिजली के तारों को व्यवस्थित करें और बिजली की तारों से लगे हुए वृक्षो की कटिंग कर ली जाये। ईद-उल-अदहा (ईदुज्जुहा) पर्व के दिन विद्युत कटौती न की जाए यह सुनिश्चित कर लें, यदि किसी अपरिहार्य कारणों से विद्युत कटौती आवश्यक हो तो उसकी सूचना पूर्व से सर्वसाधारण को दी जाये। नमाज अदा किये जाने वाले स्थलों पर नगरपालिका के सहयोग से पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने समिति के सदस्यों से कहा कि इस पर्व को पूर्व वर्ष की भांति शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण मनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इस पर्व के दिन कोई भी भ्रामक एवं अनैतिक गतिविधियां होती हैं, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय पर कार्यवाही की जा सके तथा समिति के सदस्यो द्वारा मोहल्ले स्तर में बैठक लेकर जनमानस के बीच में अमन चैन का संदेश पहुंचाकर प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में समिति के सदस्यों सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# धीमी गति से चल रहा सीएम राईज स्कूल भवन निर्माण का कार्य

## 5 वर्ष में भी पूर्ण होने की नहीं लग रही संभावना, जिम्मेदार मौन



मानपुर।

नगर परिषद के वार्ड नंबर 06 अंतर्गत सीएमराइज स्कूल भवन का निर्माण कछुएं की चाल पर चल रहा है, जो को विभाग द्वारा नियत समय सीमा पर पूर्ण होना तो क्या भवन का निर्माण चालू भी नही हो पाएगा , जबकि देखा जाए तो मध्य प्रदेश के हर तहसील में आधुनिक एवं उच्च गुणवत्ता युक्त कक्षा 1 से 12 तक के लिए सीएम राइज स्कूल का भवन हो ऐसा सपना प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने देखा था, जिसे उन्होंने मानपुर में अपने जनदर्शन कार्यक्रम में मानपुर में सीएम राइज स्कूल खोलने की घोषणा की थी और कहा था कि सीएम राइज स्कूल खोलने से मानपुर क्षेत्र के बच्चो के शिक्षा के स्तर में सुधार होगा और कल ये बच्चे पढ़ कर राष्ट्र के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

### समय पर नहीं होगा पूरा निर्माण

मानपुर में निर्माणधीन सीएम राइज स्कूल के भवन निर्माण में ठेकेदार सहित जिम्मेदार पीआईयू विभाग की घोर लापरवाही भवन निर्माण में दिखाई दे रही है, विभाग द्वारा कार्यरत ठेकेदार को 24 महीनो में भवन निर्माण को पूरा करने का समय दिया गया था, किंतु 6 माह बीत जाने के बाद भी भवन का निर्माण कार्य कछुए की चाल पर चल रहा है, जहां ठेकेदार द्वारा अभी सिर्फ भवन की बाउंड्री का काम चालू किया गया है, जिसे देखकर लगता है कि संपूर्ण भवन का निर्माण कार्य 5 वर्षो में भी पूर्ण नही होगा, 22करोड़ की लागत से बनने वाले सीएम राइज स्कूल के भवन को कैसे 24 महीनो में बना पाएंगे, जबकि पीआईयू विभाग उक्त ठेकेदार को कछुए की चाल चलने में मौन समर्थन दे रहा है।

### घटिया सामग्री का उपयोग

निर्माणधीन बिल्डिंग का निरीक्षण करने पर पिलर पर उपयोग में लाई जा रही सरिया जंग लगी हुई एवं मिट्टी युक्त रेत का उपयोग ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में किया जा रहा है, उक्त बिल्डिंग किस विभाग द्वारा निर्माण कराया जा रहा है, कितनी लागत का है, ठेकेदार कौन है, कार्य चालू दिनांक , पूर्ण दिनांक, ऐसा कोई बोर्ड निर्माणधीन बिल्डिंग के आस-पास नही लगा है, लेकिन विभाग के अधिकारी इस मामले में भी चुप्पी साधे बैठे हैं, ऐसा लगता है जैसे क्षेत्र में नियमों-कायदों की बलि चढ़ा दी गई है।

### महिला से की मारपीट

पीआईयू विभाग के एसडीओ पंकज गुप्ता के देख रेख में सीएम राइज भवन का निर्माण कार्य चल रहा है, मानपुर नगर परिषद की रहवासी खुशबू पति लाला प्रसाद गुप्ता ने बताया की मेरा आने जाने का रास्ता सीएम राइज स्कूल बनने से बंद हो गया है, 4 दिन पहले एसडीओ पंकज गुप्ता व ठेकेदार राघवेंद्र सिंह मौके पर आए थे, तो मैंने उनसे रास्ता के लिए बोला तो उनके द्वारा मेरे साथ गाली-गलौज व मेरा पीएम आवास गिरवा देने की धमकी दी गई है व साइड में कार्यरत लेवरो से मारपीट कराने लगे, तब मैं 100 नंबर डायल कर पुलिस बुलाई फिर वह दोनो वहां से चले गए, 100 नंबर भी चली गई, मैं अपना परिवार लेकर अकेले यहां पास रहती हूं, मुझे रात दिन इन बड़े लोगो से डर बना रहता है।

# किसानों और प्रशासन की बैठक फिर रही बेनतीजा



शहडोल।

किसान नेता वारिस सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा के द्वारा अपने रामपुर बटुरा सबेरिया क्षेत्र के समस्याओं को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं किसानों के अगुवाई करने वाले साथियों के साथ एसडीएम सोहागपुर के बुलावे पर शहडोल पहुंचे थे, 04 बजे के समय देने के बाद 1 घंटे देरी से पहुंचे, एसडीम जैसे ही बैठक में बुलाए अपने चेंबर में अंदर जनप्रतिनिधियों एवं किसानों के पहुंचे, लेकिन बैठक बेनतीजा रही । जब परिचय का दौर शुरू हुआ कुछ किसान साठी, बिछिया और अतरिया के भी अपनी समस्या लेकर बैठक में आए थे, क्योंकि रामपुर-बटुरा में प्रभावित गांव अतरिया, बिछिया, खैरबना, बटुरा सहित लगभग 12 गांव है , जैसे चर्चा शुरू हुई एसडीएम बिना सुने, कहा कि मैं मुख्यालय का एसडीएम हूं और आप लोग ऊंची आवाज में बात ना करें, एसडीएम ने कहा कि सोहागपुर और मुख्यालय मेरे अंडर नहीं है, किसान नेता भूपेश शर्मा ने कहा कि रोजगार की फाइल आपके कार्यालय में काफी समय लंबित है , उसे पर आप क्या कहेंगे, उन्होंने साफ शब्दों में कहा बोलना नहीं है केवल सुनिए, हम लोगों ने कहा सर ऐसे में नहीं चलेगा तो, उन्होंने कहा फिर हाई कोर्ट जाइए, छोटी-छोटी समस्याएं जो तहसील बुढार और तहसील सोहागपुर की है, हमारे क्षेत्र के जनपद सदस्य किसान नेता पूर्व सरपंच मनमोहन चौधरी इन दोनों ने रुके हुए रोजगार के फाइल पर चर्चा की, उन्होंने गोलमोल जवाब देकर ऊंची आवाज में बात को दबाने का प्रयास किया, जनप्रतिनिधि ने कहा अगली बैठक हमारे गांव में होगी, हमारे खिलाफ कोई भी कार्यवाही हो सकती है, इसलिए हम सब बाहर निकाल कर आए। नाराज किसान कलेक्टर एवं कमिश्नर को आज ज्ञापन देंगे , किसानों की समस्याओं का निराकरण एक सप्ताह के अंदर नहीं होता है तो , अनिश्चितकालीन के लिए खदान को बंद करेंगे, जिसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।

## खबर संक्षेप

### सीईओ ने तामान्नारा तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण



**उमरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 16 जून तक जल स्त्रोतों संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नदियो तालाबो के पुर्नजीवन, घाटो की साफ सफाई, स्टाप डेम की मरम्मतत, तालाबो के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। बांधवगढ़ तहसील के ग्राम तामान्नारा में तामान्नारा तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने अवलोकन किया एवं उपस्थित जल निगम के कर्मचारियो को आवश्यसक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि गहरीकरण के साथ ही तालाब का सौदर्यीकरण किया जाए। घाट में साफ सफाई कराई जाए।

### जिला टास्क फोर्स समिति बालक श्रम के एक प्रकरण किया तैयार

**उमरिया।** श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिला टास्क फोर्स समिति बालक एवं कुमार अधिनियम के तहत समिति के नोडल अधिकारी, थाना उमरिया के बाल संरक्षण अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग व्दारा बाल श्रमिको का चिन्हांकन किया गया। सामुदायिक भवन उमरिया के पास संजय मार्केट उमरिया में जांच के दौरान संजय लस्सी सेंटर मे अनुज चौधरी किशोर श्रमिक को तीन हजार रूपये मासिक वेतन पर 7 माह से काम करते पाया गया। मौका पंचनामा तैयार कर निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार किया गया तथा प्रकरण सीडब्ल्यूसी के समक्ष कार्यवाही हेतु भेजा गया।

### पीटीएस उमरिया तथा अधिवक्ता संघ करेंगे श्रमदान

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल स्त्रोतो के जीर्णोद्धार का कार्य कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में सभी नगरीय निकायो एवं ग्राम पंचायत स्तर तक किया जा रहा है। जिसमें आम जन मानस द्वारा श्रमदान के माध्यम से अहम भूमिका निभाई जा रही है। इसी श्रृंखला में जिला मुख्यालय उमरिया स्थित खलेसर तालाब पत्ता गोदाम के पास 14 जून को प्रातः 7 बजे से पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र उमरिया प्रतिमा पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र की टीम तथा अधिवक्ता संघ द्वारा श्रमदान किया जाएगा। नगरवासियो से आग्रह किया गया है कि सामाजिक सरोकार के इस पुण्य कार्य में जल स्त्रोतो के जीर्णोद्धार कार्य में श्रमदान कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराएं।

### पाली, करकेली एवं मानपुर में आधार कैंप प्रारंभ

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले के करकेली, मानपुर एवं पाली विकासखण्ड में आधार कैंप का आयोजन 13 जून से प्रारंभ हो गया है, जो आगामी 15 जून तक चलेगा। आधार कैंप के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। नोडल अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायत में आधार आपरेटरो की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए पीएम जन मन योजना से संबंधित समस्त हितग्राहियों के ई केवायसी, आयुष्मामन कार्ड, आहार अनुदान में आधार की समस्याओ का निराकरण करायेगे।

### शिवम का कलेक्टर ने किया जिलाबदर

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने शिवम उर्फ शिब्बू तिवारी पिता राज कुमार तिवारी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम नौगवां थाना मानपुर को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा अंतर्गत जिला उमरिया सहित समीपी राजस्व जिलो शहडोल, अनूपपुर, मैहर, जबलपुर, कटनी एवं डिंडौरी की चतुर्दिक राजस्व सीमाओ से तीन माह की अवधि के लिए निष्कासित किया है। अनावेदक 24 घंटे के अंदर विर्निष्ट जिलो की सीमा से बाहर जाकर अपने आचरण में सुधार करेगा। आदेश प्रभावशील रहने तक बिना अनुमति के उक्त सीमाओ मे प्रवेश नही करेगा। उसके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन मामलो की पेशी की तिथियों पर थाना प्रभारी थाना मानपुर को लिखित सूचना देने पर उपस्थिति की छूट रहेगी।

---

संविदा कर्मचारी पर मेहरबान हुआ प्रशासन


# कांग्रेस पार्टी के प्रचार के बाद याद आई नौकरी

**संविदा कर्मचारी के.पी. सिंह फिर लगा रहा नौकरी का जुगाड़**

**शहडोल।** निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट निर्देश है कि शासकीय कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के चुनाव अभियान या प्रचार में भाग नहीं लेना चाहिए तथा उन्हें यह देखना चाहिए कि उनकी सरकार में हैसियत या अधिकारों का लाभ कोई दल या उम्मीदवार न ले सके। शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों चुनाव में बिल्कुल निष्पक्ष रहना चाहिए, लेकिन के.पी. सिंह अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (संविदा) मनरेगा को जनपद पंचायत करकेली जिला उमरिया ने खुलकर विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी का प्रचार किया और वर्तमान में लगभग एक साल बाद फिर नौकरी ज्वाइंन करने की जुगत लगाई जा रही है। हालाकि विभाग ने अभी तक उसे ज्वाइंन नहीं कराया है। बीते दिनों लोकसभा का चुनाव हुए,चर्चा है कि लोकसभा चुनाव में भी श्री सिंह ने जमकर घर पर बैठकर समीकरण भिड़ाए, यह कर्मचारी सत्तारूढ़ दल के विरुद्ध कांग्रेस का मुरीद है। निश्चित ही भाजपा विरोधी गतिविधियों में इसकी भूमिका है।

### प्रावधान के अनुरूप काम नहीं

प्रशासनिक ढांचे के भ्रष्टाचार ने शासकीय कर्मचारियों का अनुशासन और शासन के प्रति जवाबदेही को छिन्न-भिन्न कर दिया है। वे इतने निरंकुश हो चुके हैं कि अपनी मर्जी और सुविधा के अनुसार ड्यूटी करने लगे हैं। कार्यालय में कितनी देर उपस्थित होंगे और कब तक दिखाई पड़ेंगे, स्थानांतरित होने के बाद जाएंगे या नहीं जाएंगे, नए स्थान में कब हाजिर होंगे, यह सब उनकी मर्जी का खेल है। कोई अधिकारी उनसे प्रावधान के अनुरूप काम नहीं करा सकता है। एक ऐसा हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया, जिसमें स्थानांतरित संविदा कर्मचारी के.पी. सिंह ने पहले चुनाव का प्रचार-प्रसार किया, पूर्व में जनवरी माह में ज्वाइन करने आया था, लेकिन बात नहीं बनी, चर्चा है कि संभागायुक्त ने एक बार इस कर्मचारी को ज्वाइंन कराने के लिए जिला पंचायत सीईओ को कहा है, मामले में कितनी सत्यता है, यह जांच के बाद ही सामने आ सकता है।





### यह हुआ था आदेश

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक जिला पंचायत उमरिया द्वारा 25 अगस्त 2023 को आदेश जारी किया था कि के.पी. सिंह अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (संविदा) मनरेगा को जनपद पंचायत करकेली से कार्य सुविधा की दृष्टि से आगामी आदेश तक जिला शहडोल में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के पद पर नवीन अनुबंध निष्पादित करने के लिए स्थानांतरित किया गया। आदेश होने के बाद अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शहडोल कार्यालय ज्वाइन करने नहीं आया। जबकि उसे नियमतः एक माह के अंदर कार्यभार ग्रहण कर लेना चाहिए था।

### सभापति ने की थी शिकायत

इस संबंध में संचार तथा संकर्म समिति के सभापति जगन्नाथ शर्मा ने 05 जनवरी 2024 को सीईओ जिला पंचायत शहडोल का पत्र के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया था कि के.पी.सिंह स्थानांतरण के बाद भाजपा विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहकर कांग्रेस की टिकट से जैतपुर विधानसभा सीट से चुनाव लडऩे की तैयारी में जुट गया। वह टिकट के लिए हाथपाव मार रहा था। जब वह सफल नहीं हुआ तो, वह कांग्रेस प्रत्याशी के साथ पोस्टर, बैनर आदि लेकर प्रचार-प्रसार करने लगा। जब चुनाव संपन्न हो गए और स्थानांतरण को 6 माह बीत गए, तब उसे ड्यूटी की याद आई और वह ज्वाइन करने पहुंचा है। जबकि संविदा कर्मचारी बिना सूचना के 1 माह की अवधि से अधिक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहता है तो, उसकी सेवा स्वयमेव समाप्त हो जाती है। कर्मचारी ने विधानसभा चुनाव के दौरान अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई।

### जब जरूरत थी, तब हो गये गायब

अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (संविदा) मनरेगा के.पी. सिंह करकेली से भारमुक्त होने के बाद जैतपुर की चुनावी गतिविधियों में लिप्त हो गया। इस दौरान उसके पोस्टर, बैनर जमकर सोशल मीडिया में वॉयरल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के अलावा अन्य कांग्रेसी नेताओं के साथ पोस्टरों में जमकर उसने अपनी तस्वीर छपवाई। इससे साफ जाहिर होता है कि वह कांग्रेस का समर्थक है। चुनाव के दौरान जब शासन-प्रशासन को उसकी जरूरत थी, तब वह सत्ता के गलियारों में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था, चर्चा है कि वर्तमान प्रशासन उक्त संविदा कर्मचारी पर इतना मेहरबान हो गया कि उसे मेडिकल में क्लीन चिट के साथ ही, चुनाव प्रचार करने के मामले में भी क्लीन चिट दे दी है, संभवतः इन्हें ज्वाइंन भी करा लिया जायेगा।

---

## आज स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पूर्वाभ्यास

**उमरिया।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। योग दिवस का पूर्वाभ्याअस कार्यक्रम 14 जून को प्रातः 6 बजे से अमर शहीद स्टेडियम ग्राउंड उमरिया में आयोजित किया गया है। आयोजन संबंधी बैठक कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने योग पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला आयुष अधिकारी को नियुक्त किया है। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों को जवाबदारी सौंपते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमरिया, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को विभिन्न दायित्व सौंपे है। कलेक्टर ने कहा कि सभी आवश्यवक तैयारियां पूरी कर लें। कलेक्टर ने कहा कि योग से तन-मन को शक्ति मिलती है। निरोगी बनने के लिए योग आवश्यक है। हर व्यक्ति को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कलेक्टर ने जिले के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थांओ, शासकीय सेवको, व्यापारी एवं मैकेनिक संघ, दवा विक्रेता संघ, गायत्री परिवार, ब्रम्हााकुमारी, शायोप्रस, पत्रकारो, जिला योग समितिए विद्यार्थियो, शिक्षको सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।



## गीत गाकर जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व नगर पालिका परिषद पाली मुख्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पाली नगर के ऐतिहासिक सगरा तालाब के हरिहर बाबा घाट में बैठकर जल संरक्षण गीत गाकर नागरिकों को जल संरक्षित के प्रति किया जागरूक। कलेक्टर ने पुनित कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए युवा टीम की सराहना की एवं आमजनों से सगरा तालाब एवं आस-पास के क्षेत्र को साफ रखने तथा गंदगी न करने की अपील की गई।पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने कहा कि ऐसे अभियानों के माध्यम से हम जल संरचनाओं को स्वच्छ कर परिवर्तन संरक्षण में अहम भागीदारी दे सकते हैं। यदि आज हम सब मिलकर पर्यावरण को बचाने की कोशिश नहीं करेंगें तोए भविष्य में हमारे लिए बहुत मुश्किलें आयेंगी।पृथ्वी एक ही है और हम सब की हैए इसीलिए इसके संरक्षण का दायित्व हम सब का है। जिसमें जल संरक्षण के साथ-साथ तालाब और उद्यान के आस पास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही लोगों को पेड़ लगानेए पर्यावरण संरक्षण व प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने का संदेश देने के लिए जागरूकता अभियान किया गया।इस अभियान में मुख्य रूप से आने वाले पीढ़ी बच्चों को साथ में रखा गया। साथ ही नगर के प्रतिष्ठित नागरिकए महिलाएंए युवाओं ने भी पूरी निष्ठापूर्वक श्रमदान कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया।इस दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारीए पर्यावरण मित्र खुशी सेन, संजीवनी पटेल, श्रद्धा बर्मन, लव कुश बर्मन, सत्यम सेन, लकी यादव,नेहा सिंहए कुश बर्मन, आरुष शिवहरे, रुद्र प्रधान श्रीराम तिवारी एवं सभी उपस्थित रहे।



# जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**उमरिया।** पल्स पोलियो अभियान 23 से 25 जून 2024 तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरके मेहरा के मुख्य आतिथ्य में अस्पताल के सभागार में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व्दारा उपस्थित प्रतिभागियों को राज्य स्तर से प्राप्त गाइडलाइन अनुसार कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यशाला में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर ऋचा गुप्ता ने बताया गया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत प्रत्येक 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हेड अकाउंट सर्वे आशा के माध्यम से पूर्ण कर माइक्रो प्लान तैयार कर जिला स्तर पर प्रेषित किया जाना है जिसमें वैक्सीनेटर एवं फील्ड स्टाफ के साथ सेक्टर वाइज माइक्रो प्लान तैयार किया समय सीमा में पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। डॉ रिचा ऋचा गुप्ता द्वारा बताया गया कि बूथ लेवल कवरेज को बढ़ाने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा आपसी समन्वय कर कार्य को संपादित करेंगे एवं प्रचार प्रसार पल्स पोलियो अभियान के 0 से 5 वर्ष के सभी छूटे बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलाएंगे उक्त कार्यशाला में विश्व स्वास्थ्य संगठन कि एस एम ओ डॉ अमृत अग्रवाल द्वारा पीपीटी के माध्यम से शहरी एवं ब्लॉक स्तरीय प्रतिभागियों को कवरेज बढ़ाने हेतु गुण सिखाए गए एवं पल्स पोलियो हेतु बनाए जाने वाले बूथों को मौसम के अनुकूल हवादार कमरे आने-जाने में हितग्राहियों को आसन हो सके एवं समय सुबह 8:00 से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किया जाए। आईसी प्रचार प्रसार सामग्री पोस्ट एवं मार्किंग किया जाना है, सभी टीमों को एरिया वाइज मैपिंग करते हुए क्षेत्र बनाएं जाएं जिससे कि आसानी से पूर्ण कवरेज किया जा सके। डॉ अमृत अग्रवाल द्वारा पल्स पोलियो अभियान के तहत एक्स जेनरेशन, पी हाउस ,ट्रांजिट प्वाइंट, मिस्ट हाउस ,फॉल्स पी, माइग्रेटरी साइट, स्ट्रीट सर्वे एवं बी टाइप सी टाइप, टीम टीम गठन के संबंध में चर्चा की गई जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर रिचा गुप्ता द्वारा रूट चार्ट ,वैक्सीन वितरण , ट्रांसपोर्ट सिस्टम एवं फॉलो अप टीम व मोबाइल टीम, कंट्रोल रूम ,मार्किंग सिस्टम के संबंध में विस्तार चर्चा की गई एवं सोशल मोबिलाइजेशन हेतु ब्लॉक स्तर के समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यशाला में प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधन डॉक्टर एस.बी.चौधरी मुख्य खंड चिकित्स अधिकारी करकेली डॉ.वी. चंदेल मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी पाली डॉक्टर वीके जैन जिला एपिडेमियोलॉजी अनिल सिंह जिला मीडिया प्रभारी बुधराम रंगडाले प्रभारी डीसीएम रोहित सिंह बघेल एवं समस्त ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक, बी ई ई समस्त कम्युनिटी मोबिलाइज एवं गैर सरकारी संस्था के परियोजना समन्वयक मुनीम साहू एवं परामर्शदा उपस्थित रहे।




## आने वाले कल के लिए जल संरक्षण महती आवश्यकता: कलेक्टर

**उमरिया।** आने वाले कल के लिए जल संरक्षण महती आवश्यकता है। जल ही जीवन का आधार है। पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल के इसी महत्व को देखते हुए भारतीय संस्कृति में जल की पूजा होती आ रही है। उक्त आशय के विचार कलेक्टंर धरणेन्द्र कुमार जैन ने खलेसर तालाब पत्ता गोदाम के जीर्णोध्दार हेतु श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के जल को संचित करने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें सभी जन अपनी सहभागिता भी दर्ज करा रहे है। जल संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रमुख अधिकारियों, स्वरयं सेवी संस्थांओ, पत्रकारो, जन अभियान परिषद ने तालाबो को गोद लिया है और प्रतिदिन गोद लिए गए तालाबों पर पहुंचकर श्रमदान का कार्य कर रहे है। उप संचालक बीटीआर विवेक सिंह ने कहा कि अभियान से जहां एक ओर जल के संरक्षण और संवर्धन में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी और पर्यावरण में भी सुधार होगा। अभियान में नदी, तालाब, कुओं, बावड़ी आदि जल संरचनाओं का जीर्णाद्धार और नवीनीकरण कर उन्हें उपयोगी बनाया जा रहा है। श्रमदान कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अमित तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह , जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम उमरिया के डिप्टी चीफ विजय कुमार राय, गजराज सिंह वैश्य, असिस्टेंट, साक्षी पटेल, असिस्टेंट विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के कर्मचारी फिरोज़ मंसूरी सहायक ग्रेड 3, महेश कुमार तिवारी, जिला न्यायालय उमरिया के अधिवक्तागणए पत्रकार गण, नगर पालिका परिषद उमरिया के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

**जिला प्रशासन के साथ अधिवक्ताओं ने किया श्रमदान**

## सामूहिक श्रमदान कर की गई साफ सफाई



**जमुना/बदरा।** 13 जून को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर क्रमांक 4 ग्राम पंचायत उरा के छपरा तालाब की सामूहिक श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई की गई। सामूहिक श्रमदान में नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान नवांकुर संस्था के अध्यक्ष विजय जायसवाल प्रस्फुटन समिति पयारी न.2 सचिव यशोदा देवी बरतराई सचिव विनोद सिंह जमुना की अध्यक्ष पार्वती वर्मा परामर्शदाता श्रीमती शिवानी सिंह श्रीमती कृष्णा देवी, छात्र यशोदा देवी चांदनी प्रांशु तारावती ग्राम पंचायत उरा के सचिव रामप्रमोद सरपंच श्रीमती ताराबाई, पंच श्रीमती अनिता महरा रामसिंह रोजगार सहायक बाबूराम जनपद सदस्य श्रीमती यशोदा जी जिलापंचायत सदस्य सुश्री भारती केवट, समाजसेवी कमलेश, रामेश्वर एवं अन्य ग्रामीण जनो की सक्रिय सहभागिता रही।

## किसानों को मुआवजा राशि दिलाने लगाया गया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर विजयराघवगढ़ अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई ने कुटेश्वर ग्राम के 125 किसानों को बिना किसी असुविधा के मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के लिए कुटेश्वर ग्राम पंचायत में कैंप लगाया। बाणसागर परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत कुटेश्वर के 125 कृषकों का प्रभावित रकबा 30.95 हेक्टेयर है जिसकी राशि स्वीकृत एक करोड़ ग्यारह लाख चार सौ इकसठ रुपए स्वीकृत है। इसे किसानों को बिना किसी परेशानी के मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीणों के बीच पहुच कर कैम्प लगाया गया। ग्राम पंचायत कुटेश्वर में कैंप आयोजित कर आवश्यक दस्तावेज, फोटो, आधार कार्ड, पासबुक एवं कृषक के हस्ताक्षर एकत्रित किए गए एवं शीघ्र ही भुगतान करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कैंप में स्वयं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश मंडलोई, नायब तहसीलदार सिंगोड़ी प्रसन्न कुमार वर्मा एवं सहायक ग्रेड 3 शकेवट बाबू पटवारी सचिव एवं सरपंच कैंप के दौरान उपस्थित हुए इस कैम्प का उद्देश्य किसानो को बिना किसी परेशानी के मुआवजा हाथो हाथ मिले प्रशासनिक टीम किसानो के दस्तावेज के साथ व्यक्ति की पुष्टि कर राशि प्रदान कर रही है।



# कोतमा में दो पहिया वाहन ले उड़े चोर, गश्त की खोल रहे पोल

**कोतमा।** नगर में चोरी की वारदात लगातार बढ़ते ही जा रही है। जिस पर पुलिस अंकुश लगा पाने में असफल नजर आ रही है। पूर्व में भी यहां कई दुकानों में चोरी होने के साथ ही मंदिर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा चुका है।

नए मामले में कोतमा निवासी लक्ष्मीकांत द्विवेदी पिता राजधानी राम द्विवेदी निवासी वार्ड नंबर 3 आजाद चौक कोतमा का दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 एम 5325 जोकि आजाद चौक कोतमा में घर के सामने रात में 8 बजे लॉक कर खड़ी किया था। जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। 2 दिन पूर्व भी अटल द्वार के समीप निवासरत ठेकेदार शीलभद्र जोशी का दो पहिया वाहन भी अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गए थे। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी लेकिन इस पर भी पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर पाई है।

### गश्त की खोल रहे पोल

शहडोल संभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक डीसी सागर का निर्देश है कि प्रतिदिन पुलिस नगर में भ्रमण करते हुए आम नागरिकों की समस्या से रूबरू होते हुए उसका निदान करेगी तथा चोरों पर कड़ी नजर रखी जाएगी लेकिन नगर में ठीक इसके उल्ट देखने को मिल रहा है। नगर में अवैध व्यवसाय तेजी से फल फूल रहे हैं कबाड़ जुआ सट्टा शराब का अवैध व्यवसाय खुलेआम संचालित हो रहा है। जिसके कारण नगर में आए दिन चोरी की घटना घटित हो रही है कहीं दुकानों तो कहीं घरों यहां तक की मंदिरों को भी चोर नहीं बख्श रहे हैं। वर्तमान में तो यह हाल है कि आए दिन किसी न किसी की दो पहिया वाहन चोरी हो रही है यहां तक की पुलिस उन मामलों में फरियादी से शिकायत तो ले ले रही है लेकिन चोरी का मामला दर्ज तक नहीं करती है। जबकि पुलिस रात्रि में गस्त करने का दावा करती है और चोर उन दाबो को झूठलाते हुए चोरी की वारदात को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। नागरिकों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से नगर में हो रही आए दिन चोरी की घटना पर रोक लगाई जाने की मांग करते हुए चोरी का खुलासा करवाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### आज सुबह 7 बजे से होगा योगा काउंटडाउन कार्यक्रम

**अनूपपुर।** 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके संबंध में 14 जून 2024 को सामान्य अभ्यास प्रातः 7 बजे से 7:45 बजे तक शिव मारुति मंदिर सामतपुर तालाब प्रांगण में आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सामान्य पूर्वाभ्यास (योगा काउंटडाउन) जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों की सहभागिता से सुनिश्चित करने के आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जिलेवासियों से 14 जून को सामान्य अभ्यास तथा 21 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामूहिक योग कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्रों में सहभागिता की अपील की गई है।

### युवक को कोबरा ने डसा



**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर स्थित हर्री ग्राम में स्कूल के पास गुरुवार की सुबह 7 बजे घरेलू कार्य कर रहे 25 वर्ष युवक को अत्यंत जहरीले कोबरा सांप ने पैर में अंगूठे के पास काट लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया सर्प होने की सूचना पर जिला मुख्यालय अनूपपुर के सर्पपहरी शशिधर अग्रवाल मौके पर पहुंचकर गौशाला में डोंगी के नीचे बैठे 2 फीट लंबे कोबरा नाग का सफल रेस्क्यू किया। घटना के संबंध में वन्यप्राणी अभिरक्षक एवं सर्पपहरी शशिधर अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार की सुबह 7 बजे पड़ोस की गांव हर्री निवासी हीरालाल राठौर के गौशाला में उनका 25 वर्षीय पुत्र महेंद्र राठौर मवेशियों को चारा-पानी दे रहा था तभी डोंगी के नीचे बैठे सांप ने महेंद्र के पैर में अंगूठे के पास काट लिया जिसकी जानकारी अन्य लोगों को देने पर पीड़ति को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार हेतु भर्ती किए जाने पर ड्यूटी डॉक्टर प्रवीण भगत द्वारा उपचार किया गया। सूचना पर श्री अग्रवाल हीरालाल राठौर के घर पहुंच कर गौशाला में रखे डोंगी के नीचे छिप कर बैठे 2 फीट लंबा अत्यंत जहरीला कोबरा नाग का सफलता पूर्वक रेस्क्यू किया गया। जिला अस्पताल में भर्ती सांप काटने से पीड़ति महेंद्र खतरे से बाहर होना बताया गया है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान नियुक्त किए गए सेक्टर अधिकारी

**अनूपपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अनूपपुर जिले के सभी ग्रामों में दिनांक 14 एवं 15 जून को अभियान अंतर्गत चल रहे कामों के निरीक्षण, सुपरविजन किए जाने हेतु सेक्टरवार अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने आवंटित सेक्टर क्षेत्र के ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने तथा कार्यों में जनसहभागिता सुनिश्चित करने तथा निरीक्षण कार्य स्थलों के फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने जिले के अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को भ्रमण करने तथा 15 जून को राजस्व अधिकारियों की बैठक में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### अनूपपुर इकाई के मुकेश मिश्रा जिलाध्यक्ष, ज्ञानचंद बने महासचिव



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ पूरे प्रदेश में पत्रकारों के हितों के लिये संघर्ष करने वाली पत्रकारों की अग्रणी और मजबूत संगठन है। मध्यप्रदेश में इसके लगभग दस हजार सदस्य हैं। अमरकंटक में मप्र श्रमजीवी पत्रकारों के 2022 सम्मेलन मे लगभग 1700 लोगों की सहभागिता का रिकार्ड है। प्रतिवर्ष इसके लिये सदस्यता अभियान चलाया जाता है। सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन में जिला, संभाग और प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जाती है।

## दवा के लिए भटकते रहते तीमारदार, खतरे में पड़ जाती मरीज की जान

# रात में नहीं खुलता एक भी मेडिकल स्टोर, तड़पते रहते मरीज

### अस्पताल के आसपास कम से कम एक मेडिकल स्टोर खुले रखने की मांग

बदन झुलसाने वाली गर्मी से जूझ रहे जिले में मौसमी व अन्य जटिल बीमारियों के इलाज के लिए मुख्यालय पहुंचने पर आपातकाल में अक्सर चिकित्सक कुछ बाहरी दवाएं भी लिख देते हैं, लेकिन उनका मिलना मुश्किल हो जाता है। कारण अस्पताल के आसपास एक भी मेडिकल स्टोर खुला नहीं रहता है।




**अनूपपुर।**

जिला मुख्यालय मे परेशानी उस समय बढ़ जाती है जब चिकित्सक कुछ दवाएं बाहरी लिख देते हैं। दवाओं को खरीदने के लिए पर्चा लिए तीमारदार रात भर भटकते रहते हैं फिर भी दवा नहीं मिलती। ऐसे में कभी-कभार तो मरीजों की स्थिति और भी खराब हो जाती है। बीती रात भी एक विषैले जंतु के काटने का मामला इमरजेंसी में पहुंचा। जहां डाक्टर ने कुछ दवाएं बाहर की लिखीं, मगर आसपास एक भी मेडिकल स्टोर खुला न होने के कारण तीमारदार भटकते रहे। हालांकि मरीज अब स्वस्थ है। तीमारदारों का कहना है कि रात में मेडिकल स्टोर बंद होने से बहुत परेशानी होती है। जरूरी दवाओं के अभाव में कई बार तो मरीज की जान बचाना भी मुश्किल हो जाता है। मरीजों के परिजनों ने बताया कि जिला अस्पताल के आसपास कम से कम एक मेडिकल स्टोर रात में जरूर खुला होना चाहिए। यहां मरीजों की सहूलियत का ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

### दूर दराज से आये मरीज व परिजनों को होती परेशानी

जिले भर के सुदूर अंचल से रेफर केस मे जिला मुख्यालय पहुंचे मरीज के परिजनों को रात्रि मे दवा के लिए भटकना पड़ता है। एक तो उन्हे जिला मुख्यालय मे कहां कहां मेडिकल स्टोर है इसकी जानकारी नही होती दूसरा रात मे किस मेडिकल स्टोर मे कौन से दवा मिलती है अथवा नही इसकी भी जानकारी ग्रामीणों को नही होती। यदि इन सबकी थोडी बहुत जानकारी हो भी गई तो मेडिकल स्टोर अक्सर रात मे बंद होने के कारण उन्हे दवाओं मे लंबी जद्दोजहद करनी पड़ती है। जिससे कई बार मरीज की जान पर बन आती है।

### केमिस्ट एसोसिएशन के साथ की जाये बैठक

मरीजों की आपात स्थिति को देखते हुये लोगों ने जिला प्रशासन से केमिस्ट एसोसिएशन के साथ बैठक आयोजित कर सप्ताह मे प्रतिदिन एक मेडिकल स्टोर चिन्हित कर उसे रात मे भी खोलने की योजना बनाकर अमलीजामा पहनाना चाहिये जिससे आपात स्थिति मे मरीज की जान बचाई जा सके।

### रात में मेडिकल स्टोर खोलकर दें मानवता का परिचय

रात मे मेडिकल स्टोर खोलकर संचालक मरीजों की जान के लिए आवश्यक दवा देकर मानवता का परिचय भी दे सकते हैं। क्योंकि मेडिकल दुकानें बंद होने से जहां मरीज व परिजन परेशान हो रहे हैं तो संचालक दवा उपलब्ध कराकर मरीज की जान बचाने मे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

### इनका कहना है

आपका बहुत अच्छा सुझाव है, कल ही मैं स्वास्थ्य विभाग के साथ चर्चा कर नियमानुसार व्यवस्था करता हूं।

**आशीष वशिष्ठ, कलेक्टर, अनूपपुर**



## फॉरेस्ट ट्रेनिंग स्कूल परिसर में बने मकान में गिरा पेड़

**अनूपपुर।** अमरकंटक वन विद्यालय के एक कर्मचारी के मकान में अचानक नीलगिरी की भारी भरकम टहनी टूट कर मकान के ऊपर आ गिरी। जिसमे परिवार के सदस्य निवासरत थे, परिवार के एक बुजुर्ग काफी भयभीत हुआ। वन विद्यालय के वन रक्षक रमाकांत पटेल बताया कि उसके मकान में आज दूसरी बार पेड़ गिरा और खतरा उत्पन्न हुआ। परिवार के सभी लोग बाल बाल बचे, अन्यथा कोई भारी अनहोनी उत्पन्न हो सकती थी। इस निवासरत मकान पर उसी विद्यालय के कर्मचारी वन रक्षक परिवार के साथ निवास करते थे, घटना बाद विद्यालय का प्रशासन कई घंटो बाद जागा और उन्हें अन्यत्र व्यवस्था की। जबकि घटना होते ही इसकी जानकारी सभी उच्चाधिकारियों को तुरंत दे दी गई थी लेकिन विद्यालय के अधिकारी कई घंटो बाद उस क्षतिग्रस्त मकान को देखने पहुंचे। वन विद्यालय के कर्मचारी कई बार हो रही घटनाओं से अधिकारियों को रूबरू करवाते रहते है पर वन विद्यालय अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते है। घटना के भय का वर्तमान मुख्य वजह यूके लिपटिस के पेड़ है जो लगभग 40 - 45 वर्षो से अपने स्थानों पर खड़े है जिनकी शाखाएं भारी भरकम रूप लिए खड़े है, जिनकी कभी छटनी तक नही हुई। वन विद्यालय के मुख्य मार्ग के दोनो किनारे लगभग 100 फिट ऊंचे और 03 मीटर से ज्यादा मोटाई वाले नीलगिरी के वृक्ष खड़े हुए है जिनकी पांच छः वर्ष पूर्व में मार्किंग भी हुई थी लेकिन वन विद्यालय अधिकारी आंख बंद करे बैठे है। इन्ही के पास में ही कर्मचारियो के निवासरत मकान भी बने हुए है। आंधी तूफान के चलने पर नीलगिरी के बड़े बड़े पेड़ हिलते रहते है और कभी कभी उनकी वजनी शाखा टूट भी जाती है। अब टहनियां चाहे मकानों में गिरे या बिजली के तार, खंभों में खतरा तो लगातार बना ही रहता है।

## कुएं में गिरे जंगली सुअर का वन विभाग द्वारा किया रेस्क्यू

**अनूपपुर।**



वन परिक्षेत्र जैतहरी के धनगवां बीट एवं गांव अंतर्गत पथरहाटोला में एक ग्रामीण के बाडी में जगत विहीन कुआं में विचरण करते हुए एक जंगली सुअर विगत रात गिरने तथा पानी में तैरने की सूचना हंड्रेड डायल पुलिस एवं वन विभाग को गुरुवार की सुबह मिलने पर वन विभाग के रेंज ऑफिसर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू कर जंगली सुअर को जगत विहीन कुआं से बाहर निकाला गया जो जंगल की ओर तेजी से चला गया। इस संबंध में बताया गया कि गुरुवार की सुबह जैतहरी वन परिक्षेत्र अंतर्गत धनगवां बीट के धनगवां गांव के पथरहा टोला निवासी रामदास राठौर पिता चरकू राठौर ने हंड्रेड डायल पुलिस, वन्य जीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल एवं कोमल सिंह वनरक्षक बीट धनगवां को सूचना दी कि विगत रात उसके बांडी में जगत विहीन कुआं में एक जंगली सूअर गिर गया है जो पानी में जीवित स्थिति में तैर रहा है। सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा वन विभाग के मैदानी कर्मचारियों के साथ स्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू सामग्री के माध्यम से कुएं के अंदर पानी में तैर रहे जंगली सुअर का ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित रेस्क्यू कर कुआं से बाहर निकला गया जो बाहर निकलते ही सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर चला गया। ज्ञातव्य है कि वर्तमान समय में भी ग्रामीण अंचलों में जगत विहीन कुआं की संख्या अधिकांशतः होने वन क्षेत्र से घिरे ग्रामों में वन्यप्राणियों के विचरण करने दौरान अचानक जगत विहीन कुएं में गिर जाते हैं जिससे अधिकतर दुर्घटनाएं घटती रहती हैं। ग्राम पंचायत, वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को चाहिए कि जगत विहीन कुओ का सर्वे कर सख्ती से जगत बनाए जाने का अभियान चलाया जावे ताकि अक्सर होती दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

## 7 महीने से जिला जेल ने नहीं किया व्यापारियों के बिलों का भुगतान

### बजट हो रहा हर बार लेप्स, जेल विभाग भोपाल को व्यापारियों ने की शिकायत

**अनूपपुर।**




जोशी ट्रेडर्स, निशित इंटरप्राइजेज, ओम इंटरप्राइजेज, सौरभ इंटरप्राइजेज शहडोल, सौरभ इंटरप्राइजेज तथा शिव मेडिकल स्टोर अनूपपुर ने जेल विभाग भोपाल को डीडीओ जेल अधीक्षक शहडोल द्वारा बजट होने के बावजूद जिला जेल अनूपपुर एवं जिला जेल शहडोल के बिलों का भुगतान न करने के संबंधित शिकायत की है। शिकायत मे लिखा कि हम व्यापारीगण शहडोल, जिला जेल अनूपपुर एवं जिला जेल शहडोल में खाद्य-सब्जी एवं दवाईयां की सप्लाई करते हैं। दिसंबर 2023 से हम लोगों को जेल अनूपपुर एवं जेल शहडोल से भुगतान नही हुआ है जिससे हमें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जेल हेड क्वार्टर भोपाल द्वारा बजट देने के बावजूद जेल अधीक्षक शहडोल डीडीओ द्वारा जान-बूझकर शहडोल एवं अनूपपुर दोनो जिला जेलों का भुगतान न करना सोचनीय प्रश्न है। जेल अधीक्षक शहडोल भास्कर पाण्डेय अपने डीडीओ पावर का एवं पदीय दायित्व का दुरूपयोग कर रहे हैं जिसके कारण जेल अनूपपुर एवं जेल शहडोल के व्यापारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्च 2024 में अनूपपुर जेल का बजट वापस हो गया एवं 08.04.2024 को बजट फिर से आया लेकिन लगभग 20 सालों से शहडोल जेल में जमें एकाउन्ट का कार्य संधारित करने वाले बाबू महेश यादव एवं डीडीओ भास्कर पाण्डे ने आज तक ट्रेजरी में बिल प्रस्तुत नहीं किया है। इस सम्बन्ध में जेल हेड क्वार्टर में 18.04.2024 एवं स्मरण पत्र 25.05.2024 को भेजा गया लेकिन हेड क्वार्टर द्वारा भास्कर पाण्डे के विरूद्ध आज तक कोई भी सख्त कदम नही उठाया गया है, सिर्फ औपचारिकता की जा रही है जिससे भास्कर पाण्डे का हौसला बढ़ता जा रहा है। जेल अधीक्षक अनूपपुर एवं डीडीओ जेल अधीक्षक शहडोल एवं लगभग 2 दशकों से एक ही जेल में जमे महेश यादव की आपसी विभागीय विवाद हमारे लिये जी का जंजाल बन गया है। जबकि सब जेल बुढ़ार, जिला जेल उमरिया, सब जेल ब्यौहारी एवं मप्र के समस्त जेलों में अप्रैल माह में भुगतान हो गया है। बजट होने के बावजूद बिलो का भुगतान नही करने का क्या कारण है इसकी कड़ाई से जाँच करवाकर दोषी अधिकारी एवं बाबू के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने की कृपा करें जिससे आने वाले समय में कोई भी ऐसी हरकत न कर सके।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं विद्यालयों में विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा



**अनूपपुर।** पीएम जन-मन के तहत जिले के 83 ग्रामों तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से 31 ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य हो रहा है विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन सभी ग्रामों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युत व्यवस्थाएं हो जांए। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं विद्यालयों में किए जा रहे विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के कार्यपालन अभियंता, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिला शिक्षा केन्द्र को प्राप्त राशि से विद्यालयों में विद्युत संबंधी कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जांए। बैठक में बताया गया कि जिले के 426 आंगनबाड़ी भवनों में विद्युत व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं तथा 130 आंगनबाड़ी भवनों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी है। जिस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के जिन 426 आंगनबाड़ी भवनों में विद्युत व्यवस्थाएं पूर्ण हो गई हैं, उनका संबंधित अधिकारी भ्रमण कर सत्यापन करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के 130 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने महिला बाल विकास, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनजातीय कार्य विभाग को कार्यों के संबंध में आपसी समन्वय स्थापित कर संबंधित संस्थाओं में कार्यों के पूर्णता संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास को आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर पंखा, लाईट आदि की व्यवस्था दुरूस्त कराने के निर्देश दिए।

## लगभग माह भर के लिए फिर थमेंगे 28 ट्रेनों के पहिये

# मालखेड़ी-महादेवखेड़ी रेलवे स्टेशनों को दूसरी रेललाइन से जोड़ने का होगा कार्य

### हजारों यात्री परेशान, अब रिफंड के लिए लगा रहे दौड़

**अनूपपुर।**



लोकसभा चुनाव के 3 माह बाद फिर विकास के नाम पर रेल यात्रियों की जून माह की गर्मी व स्कूलों की छुट्टी का मजा किरकिरा हो रहा है। यात्री ट्रेनों को रद्ध कर लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। मानसून आने से ठीक पहले गर्मी में ट्रेनें रद होने एक, दो महीने पहले ही कंफर्म टिकट लेकर यात्रा करने का इंतजार कर रहे यात्री अब रिफंड लेने स्टेशन की दौड़ लगानी पड़ रही है। अभी 12 से 21 जून तक दो दर्जन से अधिक यात्री ट्रेनों को बंद कर परेशानी कम नहीं हुई कि अब रेल लाइन जोड़ने के नाम पर कटनी, बिलासपुर मार्ग की 28 ट्रेनों के पहिए 25 दिनों के लिए 16 जून से 10 जुलाई तक थम जायेंगे। रेल प्रशासन के अनुसार पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल रेल मंडल के मालखेड़ी-महादेवखेड़ी रेलवे स्टेशनों को दूसरी रेलाइन से जोड़ने के लिए नॉन इंटरलोकिंग का कार्य का नाम देकर 16 जून से 10 जुलाई तक 28 ट्रेनों का परिचालन बंद करने का आदेश जारी किया हैं। वहीं दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग न्यू कटनी कटनी-ओहन केबिन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जंक्शन होकर चलेगी।

**रद्द होने वाली गाडियां-** 29 जून एवं 06 जुलाई को गाडी संख्या 20971 उयदपुर-शालीमार एक्सप्रेस, 30 जून एवं 07 जुलाई को गाडी संख्या 20972 शालीमार- उयदपुर एक्सप्रेस, 16, 23, 30 जून एवं 07 जुलाई, को गाडी संख्या 20471 बीकानेर-पूरी एक्सप्रेस, 19, 26 जून एवं 03, 10 जुलाई, 2024 को पूरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20472 पूरी बीकानेर एक्सप्रेस, 29 जून एवं 06 जुलाई, को गाडी संख्या 22830 शालीमार- भुज एक्सप्रेस, 02 एवं 09 जुलाई, गाडी संख्या 22829 भुज- शालीमार एक्सप्रेस, 27 जून एवं 04 जुलाई, को गाडी संख्या 18573 विशाखापटनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस, 29 जून एवं 06 जुलाई को गाडी संख्या 18574 भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस, 05, 06 एवं 09 जुलाई को गाडी संख्या 20807 विशाखापटनम-अमृतसर एक्सप्रेस, 06, 07 एवं 10 जुलाई को गाडी संख्या 20808 अमृतसर- भगत की कोठी एक्सप्रेस रद्द, 14, 21 एवं 28 जून, को गाडी संख्या 08475 पुरी-निजामुद्दीन स्पेशल, 15, 22 एवं 29 जून, को गाडी संख्या 08476 निजामुद्दीन-पूरी स्पेशल, 14 जून से 09 जुलाई तक गाडी संख्या 18236 बिलासपुर भोपाल एक्सप्रेस, 16 जून से 11 जुलाई तक गाडी संख्या 18235 भोपाल बिलासपुर एक्सप्रेस, 01 एवं 08 जुलाई को गाडी संख्या 18207 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, 02 एवं 09 जुलाई को गाडी संख्या 18208 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस, 30 जून एवं 07 जुलाई को गाडी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, 01 एवं 08 जुलाई को गाडी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस, 09 जुलाई को गाडी संख्या 12549 दुर्ग-शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर) एक्सप्रेस, 11 जुलाई को वाली गाडी संख्या 12450 शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर) दुर्ग एक्सप्रेस, 03 जुलाई को गाडी संख्या 20847 दुर्ग-शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर) एक्सप्रेस, 05 जुलाई को वाली गाडी संख्या 20848 शहीद कैप्टन तुषार महाजन (ऊधमपुर)-दुर्ग एक्सप्रेस, 05 एवं 09 जुलाई को संख्या 22867 दुर्ग- निजामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द, 06 एवं 10 जुलाई को संख्या 22868 निजामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस, 09 जुलाई, को गाडी संख्या 22408 निजामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस, 11 जुलाई, को गाडी संख्या 22407 अम्बिकापुर- निजामुद्दीन एक्सप्रेस, 03 एवं 10 जुलाई को गाडी संख्या 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी एक्सप्रेस एवं 04 एवं 11 जुलाई को गाडी संख्या 22170 सांतरागाछी रानी कमलापति- एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां-** 06 एवं 08 जुलाई को गाडी संख्या 12823 दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस एवं 05, 07 एवं 09 जुलाई को गाडी संख्या 12824 निजामुद्दीन- दुर्ग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जंक्शन-ओहन केबिन कटनी न्यू कटनी होकर चलेगी। बिलासपुर रेल जोन के जनसंपर्क अधिकारी रामलाल मीणा ने बताया कि पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल रेल मंडल के मालखेड़ी-महादेवखेड़ी रेलवे स्टेशनों को दूसरी रेललाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए यात्री ट्रेनों को बंद किया गया है। इसके बन जाने से लोगो की यात्रा सुगम होगी।